# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 18 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

### लॉकडाउन 4.0 के दिशानिर्देशों में नहीं कर सकते बदलाव-एमएचए



**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने कहा है कि कोई भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश 31 मई तक लागू देशव्यापी लॉकडाउन के लिए जारी दिशा-निर्देशों को कम नहीं करेगा। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को दिए गए संदेश में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि 11 मई को मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित एक वीडियो कांफ्रेंस के बाद राज्यों के विचार और सहमति लेने के बाद लॉकडाउन के चौथे चरण के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए थे। उन्होंने कहा, ''जैसा कि मेरे पहले के पत्रों में स्पष्ट किया गया है, मैं फिर से दोहराना चाहूंगा कि राज्य और केंद्रशासित प्रदेश एमएचए द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों को कम या उनमें बदलाव नहीं कर सकते हैं।

### पाकिस्तानी क्रिकेटर बाबर ने कहा, विराट कोहली से अलग हुँ




**कराची।** पाकिस्तान के शीर्ष बल्लेबाज बाबर आजम ने भारतीय रन मशीन विराट कोहली से तुलना के बारे में पूछे जाने पर सोमवार को कहा कि दोनों 'अलग' तरह के खिलाड़ी है और उनसे मेरी तुलना करना सही नहीं है। आजम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मुझे लगता है कि अगर आप तुलना नहीं करेंगे तो यह अच्छा होगा। मैंने कहा है कि वह अलग तरह के खिलाड़ी है, मै अलग तरह का खिलाड़ी हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं केवल अच्छी बल्लेबाजी करने का प्रयास कर रहा हूं और जब भी मैं मैदान में उतरता हूं तो अपनी टीम को हर बार जीत दिलाने की कोशिश करता हूं।''

# PM मोदी पर राहुल का कटाक्ष- मनरेगा की दूरदर्शिता समझने और बढ़ावा देने के लिए आभार

**डेली संवाद, नयी दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से जुड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पुरानी टिप्पणी को लेकर सोमवार को उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मनरेगा की दूरदर्शिता समझने एवं इसे बढ़ावा देने के लिए वह प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने संसद में दिए मोदी के एक पुराने भाषण के एक अंश का वीडियो शेयर करते हुए ट्वीट किया, ''प्रधानमंत्री ने संप्रग के शासन काल में सृजित मनरेगा योजना के लिए 40,000 करोड़ का अतिरिक्त बजट देने की मंजूरी दी



है।'' गांधी ने तंज कसते हुए कहा, ''मनरेगा की दूरदर्शिता को समझने और उसे बढ़ावा देने के लिए हम उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं।''

कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री के भाषण के वीडियो का जो अंश शेयर किया है उसमें वह कहते सुने जा सकते हैं कि 'मनरेगा आपकी (कांग्रेस की)विफलताओं का जीता-जागता स्मारक है।' गौरतलब है कि सरकार ने रविवार को ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लिये अतिरिक्त 40,000 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज की पांचवीं और अंतिम किस्त की घोषणा करते हुए कहा कि मनरेगा के लिये पहले ही बजट में 61,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। अब इस आवंटन को उससे ऊपर 40,000 करोड़ रुपये बढ़ाया जा रहा है।

## एमएलए परगट सिंह मौकापरस्त, जनता को गुमराह कर रहे हैं- एचएस वालिया

**डेली संवाद, जालंधर**

अकाली दल के नेता एचएस वालिया ने जालंधर कैंट के विधायक परगट सिंह पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि परगट सिंह लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वालिया ने कहा कि परगट सिंह मौकापरस्त नेता है। उन्हें पंजाब की जनता से कोई वास्ता नहीं है।



एचएस वालिया ने कहा है कि 2012 में अकाली दल और 2017 में कांग्रेस से विधायक चुने गए परगट सिंह पिछले 8 साल में जालंधर कैंट के लिए कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं ला सके। परगट सिंह तीन साल बाद सरकार में खामियां निकाल रहे हैं। यही हाल जब वे अकाली दल में थे, तब भी करते थे।

# देश में पिछले 24 घंटे में 5,242 बीमार, कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 96 हजार के पार

**डेली संवाद, नयी दिल्ली**

देश में कोविड-19 के कारण मरने वालों की संख्या सोमवार को 3,029 हो गई और संक्रमण के कुल मामले 96,169 पर पहुंच गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 157 लोगों की मौत हुई और रिकॉर्ड 5,242 मामले सामने आए। मंत्रालय ने बताया कि देश में 56,316 लोग अब भी कोरोना वायरस से संक्रमित हैं जबकि 36,823 लोग स्वस्थ हुए हैं और एक व्यक्ति विदेश चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, अब तक 38.29 प्रतिशत मरीज स्वस्थ हुए हैं।

मंत्रालय ने बताया कि कुल मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। रविवार सुबह से लेकर अब तक हुई 157 मौतों में, 63 महाराष्ट्र में, 34 गुजरात में, 31 दिल्ली में, छह पश्चिम बंगाल में, राजस्थान और मध्य प्रदेश में पांच-पांच, तमिलनाडु में चार, पंजाब में तीन और आंध्र प्रदेश, बिहार, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक और ओडिशा में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। देश में अब तक हुई कुल 3,029 मौतों में, सबसे ज्यादा 1,198 मौत महाराष्ट्र में हुई है। इसके बाद गुजरात में 659, मध्य प्रदेश में 248, पश्चिम बंगाल में 238, दिल्ली में 160, राजस्थान में 131, उत्तर प्रदेश में 104, तमिलनाडु में 78 और आंध्र प्रदेश में 50 लोगों की मौत हुई है। वहीं,



कर्नाटक में मृतक संख्या 37, पंजाब में 35 और तेलंगाना में 34 हो गई है। हरियाणा में बीमारी के कारण 14 लोगों की जान गई है।

जम्मू-कश्मीर में 13 जबकि बिहार में आठ और केरल तथा ओडिशा में चार-चार लोगों की मौत हुई है। झारखंड, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश में तीन-तीन लोगों की जबकि असम में दो लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार मेघालय, उत्तराखंड और पुडुचेरी में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, 70 प्रतिशत से अधिक मौतें मरीजों में पहले से मौजूद अन्य बीमारियों के चलते हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह तक अद्यतन डेटा के मुताबिक देश में संक्रमण के सर्वाधिक 33,053 मामले महाराष्ट्र में हैं। इसके बाद 11,379 मामले गुजरात में, 11,224 मामले तमिलनाडु में, दिल्ली में 10,054, राजस्थान में 5,202, मध्य प्रदेश में 4,977 और उत्तर प्रदेश में 4,259 मामले हैं। पश्चिम बंगाल में कोविड-19 के मामले बढ़कर 2,677, आंध्र प्रदेश में 2,407 और पंजाब में 1,964हो गए हैं। तेलंगाना में मामले बढ़कर 1,551, बिहार में 1,262, जम्मू-कश्मीर में 1,183, कर्नाटक में 1,147 और हरियाणा में 910 हो गए हैं। ओडिशा में अब तक संक्रमण के 828 मामले जबकि केरल में 601 मामले हैं।

झारखंड में कुल 223 लोग संक्रमण की चपेट में हैं जबकि चंडीगढ़ में 191 लोग संक्रमित हैं। त्रिपुरा में 167, असम में 101, उत्तराखंड में 92, छत्तीसगढ़ में 86, हिमाचल प्रदेश में 80 और लद्दाख में 43 मामले हैं। अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह से 33 मामले सामने आए हैं। गोवा में कोविड-19 के 29 जबकि मेघालय और पुडुचेरी में 13-13 मामले सामने आए हैं। मणिपुर में संक्रमण के सात मामले हैं। मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, दादर और नगर हवेली में अब तक एक-एक मामला है।

## सीबीएसई ने जारी की कक्षा 10वीं-12वीं की डेट शीट, 1-15 जुलाई के बीच होंगी परीक्षाएं

**डेली संवाद, नयी दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को कक्षा 10वीं और 12वी की लंबित बोर्ड परीक्षाओं के एक जुलाई से 15 जुलाई के बीच आयोजित कराने की घोषणा की। कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए 25 मार्च को लागू देशव्यापी लॉकडाउन के कारण परीक्षाएं स्थगित कर दी गई थी। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा केवल उत्तर पूर्वी दिल्ली में लंबित है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक, संयम भारद्वाज ने कहा, ''कक्षा 10वीं की परीक्षाएं चार दिन तक चलेंगी। पहला पेपर सामाजिक विज्ञान का होगा, जबकि अगले दिन छात्रों को विज्ञान की परीक्षा देनी होगी।'' उन्होंने बताया,''10 जुलाई को हिंदी के दोनों पाठ्यक्रमों और 15 जुलाई को अंग्रेजी के दोनों पाठ्यक्रमों की परीक्षा



आयोजित की जाएगी।''

छात्रों के लिए स्वास्थ्य दिशानिर्देशों के बारे में भारद्वाज ने कहा कि छात्रों को मास्क पहन कर परीक्षा केंद्रों पर आना होगा और उन्हें अपनी पानी की बोतलें स्वयं लानी होंगी। उन्होंने कहा,''माता-पिता को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका बच्चा बीमार नहीं है। सभी परिक्षार्थियों को सामाजिक दूरी के मानदंडों का कड़ाई से पालन करना होगा।'' कक्षा 12वीं की गृह विज्ञान की परीक्षा एक जुलाई को आयोजित की जाएगी और अगले दिन हिंदी के दोनों पाठ्यक्रमों की परीक्षा होगी। कक्षा 12वीं के व्यावसायिक अध्ययन की परीक्षा नौ जुलाई के लिए निर्धारित की गई है। इसके बाद 10 जुलाई को जैव प्रौद्योगिकी और 11 जुलाई को भूगोल की परीक्षा होगी।

### चक्रवात mphan का मंडराया खतरा, जानें कैसे पड़ा ये नाम, कब कहां दिखेगा असर

देश के कई राज्यों में गर्मी और सर्दी के बीच आंख-मिचौली चल रही है। इसी बीच अब चक्रवाती तूफान अम्फान की आहट ने लोगों को परेशान कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हुआ 'अम्फान' बंगाल की खाड़ी से लगने वाले मध्य हिस्सों और पश्चिम-मध्य हिस्सों के ऊपर 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और यह अगले 12 घंटों में और शक्तिशाली होकर विकराल रूप ले सकता है।

## खत्म हुआ महाराष्ट्र का सियासी संकट, उद्धव ठाकरे ने ली एमएलसी पद की शपथ

**डेली संवाद, मुम्बई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को विधन परिषद के सदस्य के तौर पर शपथ ली। दक्षिण मुम्बई स्थित विधान भवन में महाराष्ट्र विधानपरिषद के अध्यक्ष रामराजे निम्बाल्कर ने ठाकरे और 14 मई को निर्विरोध चुने गए अन्य आठ लोगों को शपथ दिलाई। उद्धव ठाकरे के अलावा विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरे (शिवसेना), भाजपा के रणजीत सिंह मोहिते पाटिल, गोपीचंद पाडलकर, प्रवीण दटके और रमेश कराड , राकांपा के शशिकांत शिंदे और अमोल मितकरी तथा कांग्रेस के राजेश राठौड़ ने शपथ ली। ये नौ सीटें 24 अप्रैल को खाली हुई थीं।



शिवसेना अध्यक्ष इस चुनाव के साथ पहली बार विधायक बने हैं। उन्होंने पिछले साल 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और उनके लिए 27 मई से पहले विधानमंडल के दोनों सदनों में से किसी एक का सदस्य बनना जरूरी था। ठाकरे के बेटे आदित्य भी विधानसभा के सदस्य हैं और तीन पार्टी की गठबंधन सरकार में मंत्री भी हैं।

### 87 साल के हुए पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा, प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर दी बधाई

**डेली संवाद, नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनकी अच्छी सेहत तथा लंबी आयु की कामना की। पूर्व प्रधानमंत्री का आज 87वां जन्मदिन है। देवेगौड़ा का जन्म 1933 में हुआ था। वह जून 1996 से अप्रैल 1997 तक देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं।


मोदी ने ट्वीट किया,'' हमारे पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उनकी अच्छी सेहत और लंबी आयु की प्रार्थना करता हूं।'' प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत को भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मोदी ने ट्वीट किया,'' केन्द्रीय मंत्री श्री थावरचंद गहलोत के जन्मदिन पर मेरी शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें दीर्घायु बनाए और स्वस्थ्य रखे।

## 10 लाख करोड़ के वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा करे सरकार: चिदंबरम

**डेली संवाद, नयी दिल्ली**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सरकार की ओर से घोषित 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज में गरीबों, किसानों और श्रमिकों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए और 10 लाख करोड़ रुपये के वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। पूर्व वित्त मंत्री ने यह दावा भी किया कि सरकार की ओर से घोषित पैकेज में सिर्फ 1,86,650 करोड़ रुपये की वित्तीय प्रोत्साहन राशि है जो भारत की जीडीपी का सिर्फ 0.91 फीसदी है। उन्होंने वीडियो लिंक के माध्यम से संवाददाताओं से कहा, ''हमने वित्त मंत्री की ओर से घोषित पैकेज का पूरे ध्यान से विश्लेषण किया। हमने अर्थशास्त्रियों से बात की। हमारा यह मानना है कि इसमें सिर्फ 1,86,650 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज है।''

चिदंबरम के मुताबिक आर्थिक बजट की शेष राशि कई बजट का हिस्सा है और कई घोषणाएं कर्ज देने



की व्यवस्था का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के आर्थिक पैकेज से 13 करोड़ कमजोर परिवार, किसान, मजदूर और बेरोजगार हो चुके लोग असहाय छूट गए हैं। पूर्व वित्त मंत्री ने सरकार से आग्रह किया, ''सरकार आर्थिक पैकेज पर पुनर्विचार करे, समग्र वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा करे जो जीडीपी का 10 फीसदी हो। यह 10 लाख करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज होना चाहिए।'' कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री के पांच दिनों के 'धारावाहिक' से देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और मध्य वर्ग के लोगों को सिर्फ निराशा हाथ लगी है।

### जालंधर में दुकानें और निजी दफ्तर खोलने की अनुमति, रिक्शा और ऑटो भी चलेंगे,



**डेली संवाद, जालंधर**

पंजाब सरकार ने कर्फ्यू खत्म कर सूबे में 31 मई तक लॉक डाउन बढ़ा दिया है। इसके बाद जालंधर में रियायतें मिलनी शुरू हो गई है।

जालंधर के डिप्टी कमिश्नर वरिंदर कुमार शर्मा ने आदेश जारी करते हुए जिले में सैलून-बार्बर शॉप और प्राइवेट दफ्तरों को खोलने की अनुमति दे दी है। इसके साथ ही शहर में रिक्शा, आटो और टैक्सी को भी चलने की इजाजत दी गई है। आदेश के मुताबिक सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक लोग भी अपने घरों से निकल सकेंगे।





